# सिख धर्म

## चर्चा में क्यों?

वर्ष 2019 सिख धर्म के संस्थापक **गुरु नानक देव जी** का **550वाँ जयंती वर्ष** है। इनका जन्म स्थल पाकिस्तान स्थित **श्री ननकाना साहिब** है।

- इस अवसर पर **करतारपुर साहिब गलियारे** का उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा किया गया जो भारत के पंजाब में अवस्थित डेरा बाबा नानक गुरुद्वारा को पाकिस्तान के नरोवाल ज़िले में अवस्थित दरबार साहिब से जोड़ता है।

## परिचय

- पंजाबी भाषा में **'सिख'** शब्द का अर्थ **'शिष्य'** होता है। सिख ईश्वर के वे शिष्य हैं जो दस सिख गुरुओं के लेखन और शिक्षाओं का पालन करते हैं।
- सिख एक ईश्वर में विश्वास करते हैं। उनका मानना है कि उन्हें अपने प्रत्येक काम में ईश्वर को याद करना चाहिये। इसे **सिमरन (सुमिरण)** कहा जाता है।
- विश्व भर में 25 मिलियन से अधिक सिख आबादी है जिनमें से अधिकांश भारतीय राज्य पंजाब में निवास करते हैं।
- सिख अपने पंथ को **गुरुमत (गुरु का मार्ग- The Way of the Guru)** कहते हैं। सिख परंपरा के अनुसार, सिख धर्म की स्थापना **गुरु नानक (1469-1539)** द्वारा की गई थी और बाद में नौ अन्य गुरुओं ने इसका नेतृत्व किया।
- सिख मानते हैं कि सभी 10 मानव गुरुओं में एक ही आत्मा का वास था। **10वें गुरु गोबिंद सिंह (1666-1708)** की मृत्यु के बाद अनंत गुरु की आत्मा ने स्वयं को सिख धर्म के पवित्र ग्रंथ **गुरु ग्रंथ साहिब** (जिसे **आदि ग्रंथ** भी कहा जाता है) में स्थानांतरित कर लिया और इसके उपरांत गुरु ग्रंथ साहिब को ही एकमात्र गुरु माना गया।
- पाँचवें गुरु, गुरु अर्जुन देव के समय तक सिख धर्म स्थापित हो चुका था। गुरु अर्जुन देव ने **अमृतसर** को सिखों की राजधानी के रूप में स्थापित किया और सिख पवित्र लेखों की पहली प्रमाणिक पुस्तक के रूप में **आदि ग्रंथ का संकलन** किया।

## दर्शन और मत:

- **एक ओंकार –** अर्थात् ईश्वर एक है और सभी धर्मों के सभी लोगों के लिये वही एक ईश्वर है।
- आत्मा मानव रूप को प्राप्त करने से पहले **ज़रा** और **मरण** के चक्र से गुज़रती है। हमारे जीवन का लक्ष्य एक अनुकरणीय अस्तित्व का निर्वहन करना है ताकि ईश्वर के साथ समागम हो सके।
- सिखों को हर समय ईश्वर का सुमिरण करना चाहिये और अपने आध्यात्मिक एवं लौकिक दायित्वों के बीच संतुलन बनाए रखते हुए सदाचारी एवं सत्यनिष्ठ जीवन जीने का अभ्यास करना चाहिये।
- मोक्ष प्राप्त करने और ईश्वर के साथ समागम करने का सच्चा मार्ग संसार से विरक्ति या ब्रह्मचर्य के पालन में नहीं है बल्कि एक गृहस्थ का जीवन जीने, ईमानदारी से आजीविका कमाने और सांसारिक प्रलोभनों एवं पापों से बचने में है।
- सिख धर्म उपवास, तीर्थ यात्रा, अंधविश्वासों का पालन, मृतकों की पूजा, मूर्ति पूजा जैसे अनुष्ठानों की निंदा करता है।
- सिख धर्म का उपदेश है कि विभिन्न नस्ल, धर्म या लिंग के लोग ईश्वर की दृष्टि में एक समान हैं। यह पुरुषों और महिलाओं में समानता की शिक्षा देता है। सिख महिलाएँ किसी भी धार्मिक समारोह में भाग ले सकती हैं या कोई भी अनुष्ठान कर सकती हैं या प्रार्थना में मंडली का नेतृत्व कर सकती हैं।

## इतिहास और धार्मिक आचरण:

- गुरु नानक जी ने प्रेम और ज्ञान का संदेश दिया तथा हिंदू एवं मुस्लिम धर्म में व्याप्त कुरीतियों की निंदा की। इस नए धर्म का प्रबुद्ध नेतृत्व गुरु नानक से लेकर गुरु गोबिंद सिंह तक दस गुरुओं ने किया।
- **प्रभाव:** सिख धर्म का उद्भव एवं प्रसार भक्ति आंदोलन और हिंदू धर्म के वैष्णव मत से प्रभावित था। हालाँकि सिख धर्म केवल भक्ति आंदोलन का ही विस्तार नहीं था। सिख धर्म का प्रसार तब हुआ जब इस क्षेत्र पर मुगल साम्राज्य का शासन था। दो सिख गुरुओं **गुरु अर्जुन देव और गुरु तेग बहादुर** द्वारा इस्लामिक धर्मांतरण से मना करने पर मुगल शासकों द्वारा उन्हें प्रताड़ित किया गया और मार डाला गया। इस्लामिक युग में सिखों के उत्पीड़न ने **खालसा** की स्थापना को प्रेरित किया जो **अंतरात्मा और धर्म की स्वतंत्रता** का पंथ है।
- अंतिम गुरु, गुरु गोविंद सिंह ने **खालसा** (जिसका अर्थ है **'शुद्ध'**) **पंथ** की स्थापना की जो **सैनिक-संतों का विशिष्ट समूह** था। खालसा प्रतिबद्धता, समर्पण और सामाजिक चेतना के सर्वोच्च सिख गुणों को उजागर करता है।
- खालसा ऐसे पुरुष और महिलाएँ हैं जिन्होंने **सिख बपतिस्मा समारोह** में भाग लिया हो और जो सिख आचार संहिता एवं परंपराओं का सख्ती से पालन करते

हैं तथा पंथ के पाँच नर्धिारति भौतकि वस्तुओं – केश, कंघा, कड़ा, कच्छा और कृपाण धारण करते हैं।

- सखि धर्म में पुजारी या पुरोहति वर्ग नहीं होता है, इस प्रथा को गुरु गोबदि सहि ने समाप्त कर दयिा था। गुरु गोबदि सहि मानते थे कि पुरोहति वर्ग भ्रष्ट एवं अहंकारी होता है।
- सखि धर्म में केवल गुरु ग्रंथ साहबि का एक संरक्षक होता है जसि **'ग्रंथी'** कहते हैं और कोई भी सखि गुरुद्वारा में या अपने घर में गुरु ग्रंथ साहबि के पाठ के लयि स्वतंत्र है। सभी धर्मों के लोग गुरुद्वारा जा सकते हैं। प्रायः प्रत्येक गुरुद्वारे में एक नःिशुल्क **सामुदायकि रसोई** होती है जहाँ सभी धर्मों के लोगों को भोजन परोसा जाता है। गुरु नानक ने पहली बार इस संस्था की शुरुआत की थी जो सखि धर्म के मूल सद्धिांतों सेवा, वनिम्रता और समानता को रेखांकति करती है।
- **चार अनुष्ठान:** सखिों के कर्त्तव्यों को नर्दिष्टि करने वाली पुस्तकि **"सखि रहत मर्यादा"** चार अनुष्ठानों का प्रावधान करती है जनि्हें संस्कार मार्ग कहा जाता है।

1. पहला अनुष्ठान जन्म और गुरुद्वारे में आयोजति नामकरण समारोह है।
2. दूसरा अनुष्ठान आनंद करज (आनंदमय मलिन) या ववािह समारोह है।
3. तीसरा अनुष्ठान जसि सबसे महत्त्वपूर्ण माना जाता है, अमृत संस्कार है जो खालसा में दीक्षा के लयि होने वाला समारोह है।
4. चौथा अनुष्ठान मृत्योपरांत होने वाला अंतमि संस्कार समारोह है।

- तीन कर्त्तव्य जनिका पालन सखिों द्वारा कयिा जाना चाहयि - प्रार्थना, कृत्य या कार्य और दान।

1. **नाम जपना:** हमेशा ईश्वर का सुमरिन करना।
2. **कीरत करना:** ईमानदारी से आजीवकिा अर्जति करना। चूँकि ईश्वर सत्य है, एक सखि ईमानदारी से जीवन जीना चाहता है। इसका अर्थ केवल अपराध से दूर रहना नहीं है बल्कि जुिए, भीख, शराब व तंबाकू उद्योग में काम करने से भी बचना है।
3. **वंड छकना:** शाब्दकि रूप से इसका अर्थ है दूसरों के साथ अपनी कमाई साझा करना अर्थात् दूसरों को दान देना और उनकी देखभाल करना।

- **पाँच दोष:** सखि उन पाँच दोषों से बचने की कोशशि करते हैं जो लोगों को आत्म-केंद्रति बनाते हैं और उनके जीवन के ईश्वरीय मार्ग में बाधाएँ पैदा करते हैं। ये हैं: काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार।

## सखि धर्म के दस गुरु:

| दस सखि गुरु – परंपरा तालकिा | | |
|---|---|---|
| पहले गुरु | गुरु नानक | 1469-1539 |
| दूसरे गुरु | गुरु अंगद | 1539-1552 |
| तीसरे गुरु | गुरु अमर दास | 1552-1574 |
| चौथे गुरु | गुरु राम दास | 1574-1581 |
| पाँचवें गुरु | गुरु अर्जुन देव | 1581-1606 |
| छठे गुरु | गुरु हरगोबदि | 1606-1644 |
| सातवें गुरु | गुरु हर राय | 1644-1661 |
| आठवें गुरु | गुरु हरकशिन | 1661-1664 |
| नवें गुरु | गुरु तेग बहादुर | 1665-1675 |
| दसवें गुरु | गुरु गोबदि सहि | 1675-1708 |

## सखि धर्म के महत्त्वपूर्ण गुरुद्वारे:

- **पंज तख्त:** ये सखिों के पाँच तख्त हैं और ये तख्त पाँच गुरुद्वारे हैं जनिका सखि समुदाय के लयि बहुत महत्त्व है।

1. **अकाल तख्त साहबि** का अर्थ है अनंत सहिासन (Eternal Throne)। यह अमृतसर में स्वर्ण मंदरि परसिर का एक अंग है। इसकी नींव छठे सखि गुरु, गुरु हरगोबदि जी ने रखी थी।
2. **तख्त श्री केशगढ़ साहबि** आनंदपुर साहबि, पंजाब में स्थति है। यह खालसा का जन्म स्थल है जसि वर्ष 1699 में गुरु गोबदि सहि जी ने स्थापति कयिा था।
3. **तख्त श्री दमदमा साहबि** भटडिा के पास तलवंडी साबो ग्राम में स्थति है। गुरु गोबदि सहि जी लगभग एक वर्ष तक यहाँ रहे और उन्होंने वर्ष 1705 में गुरु ग्रंथ साहबि के अंतमि संस्करण को संकलति कयिा था जसि 'दमदमा साहबि बीर' के नाम से भी जाना जाता है।
4. **तख्त श्री पटना साहबि** बहािर की राजधानी पटना में स्थति है। गुरु गोबदि सहि जी का जन्म वर्ष 1666 में यहीं हुआ था और आनंदपुर साहबि जाने से पहले अपना बचपन उन्होंने यहीं बतािया था।
5. **तख्त श्री हज़ूर साहबि** महाराष्ट्र के नांदेड़ में स्थति है।

- **ननकाना साहबि (पाकस्तिान):** गुरु नानक देव जी का जन्म स्थान।
- **गुरुद्वारा दरबार साहबि (करतारपुर, पाकस्तिान):** गुरु नानक देव जी ने अपने जीवन के अंतमि 18 वर्ष यहाँ बतिाए थे।

## सखि साहत्यि: आद ग्रिंथ और दशम ग्रंथ

- **आद ग्रिंथ** को सखिों द्वारा शाश्वत गुरु का दर्जा दयिा गया है और इसी कारण इसे 'गुरु ग्रंथ साहबि' के नाम से जाना जाता है।
- **दशम ग्रंथ** के साहत्यिकि कार्य और रचनाओं को लेकर सखि धर्म के अंदर कुछ संदेह और ववािद है।

## नष्किर्ष

**सखि अपने धर्म को पाँच महत्त्वपूर्ण घटनाक्रमों की परणिति मानते हैं।**

1. पहला घटनाक्रम गुरु नानक देव जी का उपदेश था जहाँ उन्होंने सतनाम पर ध्यान से मुक्ति का संदेश दयिा।
2. दूसरा घटनाक्रम गुरु हरगोबदि जी द्वारा सखिों को शस्त्रों से सुसज्जति करना था।
3. तीसरा घटनाक्रम गुरु गोवदि सहि जी द्वारा खालसा की स्थापना जसिकी आचार सहति का दीक्षा प्राप्त लोगों द्वारा पालन कयिा जाना है।
4. चौथा घटनाक्रम गुरु गोबदि सहि जी की मृत्यु पर आत्मा-स्वरूपी रहस्यमयी गुरु का अपने 10 मानवीय रूपों से गुरु ग्रंथ साहबि में प्रवेश करना है।
5. अंतमि घटनाक्रम 20वीं शताब्दी के आरंभ में संपन्न हुआ जब सखि धर्म में 'तत खालसा' के नेतृत्व में गहन सुधार कयिा गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sikhism